**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **15 मई / May, 2019**

---

# वित्त वर्ष 18 की तुलना में वित्त वर्ष 19 में सिडबी का निवल लाभ 36.5% बढ़ा

## SIDBI net profit rises 36.5 % in FY19 compared with FY18

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के वित्तीय प्रदर्शन के मुख्य अंश इस प्रकार है। यह एक अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान है जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एकीकृत ऋण और विकास सहायता पारितंत्र के निर्माण में संलग्न है।

Financial performance highlights for Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the all India financial institution engaged in creating an integrated credit and development support ecosystem for Indian Micro, Small and Medium Enterprises (MSME).

**<u>वित्तीय वर्ष 2019 बनाम वित्तीय वर्ष 2018 / Financial Year 2019 vs Financial Year 2018</u>**

- ✓ कुल अग्रिमों में वर्षानुवर्ष 42.9% की वृद्धि दर्ज की गई जो वित्तीय वर्ष 19 में रु.1,36,230.37 करोड़ रुपये रही जबकि, वित्त वर्ष 18 तक यह रु.95,290.69 करोड़ थी।
- ✓ Total advances recorded a growth of 42.9% Year-on-Year (YoY) to Rs. 1,36,230.37 crore as of FY19 from Rs. 95,290.69 crore as of FY18.

- ✓ वित्त वर्ष 18 की तुलना में वित्त वर्ष 19 में परिचालन लाभ (प्रावधान से पहले) में 24.6% की वर्षानुवर्ष वृद्धि दर्ज की गई।
- ✓ Operating profit (before provision) recorded a YoY growth of 24.6% in FY19 over FY18.

- ✓ वित्त वर्ष 18 में रु 1,429.21 करोड़ के निवल लाभ की तुलना में वित्त वर्ष 19 के निवल लाभ में 36.5% की वृद्धि दर्ज की गई जो रु 1,952.21 करोड़ रही। यह वृद्धि मुख्य रूप से पोर्टफोलियो में वृद्धि और आय की तुलना में व्यय के अनुपात को कम करने के कारण हुई।
- ✓ Net profit recorded a growth of 36.5% to Rs. 1,952.21 crore in FY19 from Rs. 1,429.21 crore in FY18 mainly due to increased portfolio and reducing cost to income ratio.

- ✓ वित्त वर्ष 2018 में रु 2,097.76 करोड़ के निवल ब्याज आय की तुलना में वित्तीय वर्ष 19 की निवल ब्याज आय में 22.9% वृद्धि दर्ज़ की गई जो रु 2,579.12 करोड़ रही।
- ✓ Net Interest Income (NII) growth at 22.9% to Rs. 2,579.12 crore in FY19 from Rs. 2,097.76 crore in FY18.

- ✓ वित्तीय वर्ष 18 में रु 420.77 करोड़ के ब्याजेतर आय की तुलना में वित्तीय वर्ष 19 की ब्याजेतर आय में 3.2% वृद्धि दर्ज़ की गई जो रु 434.25 करोड़ रही।
- ✓ Non-interest income increased by 3.2% YoY to Rs. 434.25 crore in FY19 from Rs. 420.77 crore in FY18.

**आस्ति आय Asset Quality**

- ✓ यथा मार्च 2019 तक सकल अनर्जक आस्ति अनुपात (जीएनपीए) 31 बीपीएस से घटकर यथा 0.94% से 0.63% हो गया और निवल अनर्जक आस्ति अनुपात (एनएनपीए) 5 बीपीएस से घटकर यथा 0.26% से 0.21% हो गया।
- ✓ Gross Non-Performing Assets (GNPA) ratio decreased by 31 bps from 0.94% to 0.63% and Net NPA (NNPA) ratio decreased by 5 bps from 0.26% to 0.21% as on March 2019.

- ✓ मार्च 2019 तक प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 87% पर था, यह मार्च 2018 के स्तर से 200 बीपीएस से कम है।
- ✓ Provision Coverage Ratio (PCR) was at 87% as on March 2019, a decrease of 200 bps from March 2018 level.

**आस्ति गुणवत्ता - सारणी / Asset Quality – Table**

| | सकल अनर्जक आस्ति / Gross NPA (%) | निवल अनर्जक आस्ति / Net NPA (%) | प्रावधान कवरेज अनुपात PCR (%) |
|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष FY18 | 0.94% | 0.26% | 89% |
| वित्तीय वर्ष FY19 | 0.63% | 0.21% | 87% |

वित्त वर्ष 18 के रु 902.42 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 19 में सकल अनर्जक आस्ति रु 867.91 करोड़ रुपये से घट गई जबकि इसी अवधि के दौरान निवल अनर्जक आस्ति रु 250.63 करोड़ से बढ़कर रु 292.54 करोड़ हो गयी ।

Gross NPAs decreased from Rs. 902.42 crore as of FY18 to Rs. 867.91 crore as of FY19, while Net NPA increased from Rs. 250.63 crore to Rs. 292.54 crore during the same period.

## वित्तीय वर्ष 2019 की चौथी तिमाही (जनवरी - मार्च 2019) बनाम वित्तीय वर्ष 2018 की चौथी तिमाही (जनवरी - मार्च 2018)

**Fourth quarter (January – March 2019) FY19 vs fourth quarter (January – March 2018) FY18**

- ✓ वित्तीय वर्ष 18 की चौथी तिमाही के परिचालन आय रु 1,749.44 करोड़ रुपए की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019 की इसी अवधि में यह बढ़कर रु 2,633.00 रुपए हो गई अर्थात 50.5% की वृद्धि दर्ज़ की गई।
- ✓ Operating income increased by 50.5% to Rs. 2,633.00 crore in Q4FY19 from Rs. 1,749.44 crore in Q4FY18.

- ✓ वित्तीय वर्ष 18 की चौथी तिमाही में दर्ज़ रु 405.06 करोड़ के निवल लाभ की तुलना में वित्तीय वर्ष 19 की चौथी तिमाही में यह बढ़कर रु 519.36 करोड़ हो गई अर्थात 28.22% की वृद्धि दर्ज़ की गई।
- ✓ Net profit recorded a growth of 28.22% to Rs. 519.36 crore in Q4FY19 from Rs. 405.06 crore in Q4FY18.

- ✓ वित्तीय वर्ष 18 की चौथी तिमाही में रु 559.30 करोड़ रुपए के निवल आय-लाभ से बढ़कर यह राशि रु 721.20 करोड़ रुपए हो गई अर्थात 29% की वृद्धि दर्ज़ की गई।
- ✓ NII improved by 29% to Rs. 721.20 crore in Q4FY19 from Rs. 559.30 crore in Q4FY18.

- ✓ वित्तीय वर्ष 2018 की चौथी तिमाही के ब्याजेतर आय रु 107.95 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019 में इसी अवधि के दौरान यह 26.8% घटकर रु 79.00 करोड़ हो गई ।
- ✓ Non-interest income decreased by 26.8% to Rs. 79.00 crore in Q4FY19 from Rs. 107.95 crore in Q4FY18

**प्रमुख वित्तीय अनुपात Key Financial Ratios**

- ✓ मार्च 2018 की तुलना में यथा मार्च 2019 में औसत प्राप्तियां 7.18% पर स्थिर रहीं।
- ✓ Average yield remained constant at 7.18% as on March 2019 compared with March 2018.

- ✓ कम जोखिम वाली आस्तियों और वित्त पोषण की लागत में वृद्धि पर ध्यान देने के कारण मार्च 2018 में शुद्ध ब्याज मार्जिन 2.36% से 47 बीपीएस घटकर मार्च 2019 में 1.89% रह गया ।
- ✓ Net interest margin went down by 47 bps to 1.89% as on March 2019 from 2.36% as on March 2018 due to focus on low risk assets and increased cost of funding.

- ✓ वित्त वर्ष 18 में आय लागत अनुपात में 20% की तुलना में वित्त वर्ष 19 में 300 आधार बिंदु से सुधर कर 17% हुआ है।
- ✓ Cost to income ratio improved by 300 basis points to 17% during FY19 from 20% during FY18.

- ✓ यथा 31 मार्च, 2019 को पूंजी पर्याप्तता अनुपात 27.67% रहा ।
- ✓ Capital Adequacy Ratio as on March 31, 2019 stood at 27.67%.

===============

लाभ हानि लेखे का विवरण

**Details of Profit and Loss account**

| | समाप्त तिमाही Quarter ended (रु करोड़ में Rs. in crore) | | वर्षांत में Year ended (रु करोड़ में Rs. in crore) | | वृद्धि Growth (%) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वित्त वर्ष 19 की चौथी तिमाही Q4FY19 | वित्त वर्ष 18 की चौथी तिमाही Q4FY18 | वित्त वर्ष 19 FY19 | वित्त वर्ष 18 FY18 | वित्त वर्ष 18 की चौथी तिमाही से वित्त वर्ष 19 की चौथी तिमाही में Q4FY19 over Q4FY18 | वित्त वर्ष 18 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019 FY19 Over FY18 |
| ब्याज आय Interest income | 2,633.00 | 1,749.44 | 9,482.13 | 6,179.65 | 50.51 | 53.44 |
| अन्य आय Other income | 79.00 | 107.95 | 434.25 | 420.76 | -26.82 | 3.21 |
| कुल आय Total income | 2,712.00 | 1,857.39 | 9,916.38 | 6,600.41 | 46.01 | 50.24 |
| ब्याज व्यय Interest expenses | 1,911.80 | 1,190.14 | 6,903.01 | 4,082.59 | 60.64 | 69.08 |
| निवल ब्याज आय Net interest income | 721.20 | 559.30 | 2,579.12 | 2,097.06 | 28.95 | 22.99 |
| परिचालन व्यय Operating expenses | 141.19 | 160.44 | 512.37 | 510.71 | -12.00 | 0.33 |
| परिचालन लाभ (प्रावधान | 659.01 | 506.81 | 2,501.00 | 2,007.11 | 30.03 | 24.61 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्व)Operating profit (before provision) | | | | | | |
| कुल प्रावधान (निवल )एवं कर Total provisions (net) and taxes | 139.65 | 101.75 | 548.79 | 577.90 | 37.25 | -5.04 |
| निवल लाभ Net profit | 519.36 | 405.06 | 1,952.21 | 1,429.21 | 28.22 | 36.59 |

**श्री मोहम्मद मुस्तफा, आई ए एस, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, सिडबी का कथन**

**Quote of Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman & Managing Director, SIDBI**

"एमएसएमई क्षेत्र के लिए ऋण वृद्धि एक मजबूत स्तर पर है और सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में एमएसएमई के वित्तपोषण में वृद्धि हो रही हैं। इससे हमें इस तरह के उत्साहजनक वित्तीय प्रदर्शन को हासिल करने में मदद मिली है। वित्त वर्ष के दौरान, हमारी आस्ति बही में 42% की वृद्धि हुई है और वित्त वर्ष 18 की तुलना में शुद्ध लाभ में 36% की बढ़ोत्तरी हुई है। वित्त वर्ष 2020 के लिए, हमारा ध्यान विकास की गति को बनाए रखना और विकास और वित्तपोषण पर केंद्रित स्केलेबल,लाभदायक और फ्रेन्चाइज केंद्रित एमएसएमई का निर्माण करना होगा।"

"Credit growth to the MSME sector is on a firm footing and aggregate MSME lending as a proportion to the Gross Domestic Product is on the rise. This has helped us achieve such encouraging financial performance. During the fiscal, our asset book has grown over 42% and net profit has grown over 36% compared with FY18. For FY20, our focus will be to sustain growth momentum, build scalable and profitable franchise focused on MSME development and financing."

**सिडबी के बारे में:** 1990 में अपने गठन के बाद से, सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित करता रहा है। चाहे वह पारंपरिक घरेलू उद्योग हों, लघु इकाइयां, पिरामिड के निचले स्तर के उद्यमी हों, मध्यम उद्यम से ले कर उच्च ज्ञान आधारित उद्योग हों और निर्यात संवर्द्धन तक के उद्यम हो, सिडबी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 360 लाख से अधिक लोगों के जीवन को विभिन्न क्रेडिट और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सहायता प्रदान की है। कृपया अधिक जानकारी के लिए https://www.sidbi.in/ पर जाएँ ।

**About SIDBI:** Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional domestic industry, small units, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, medium enterprises to high-end knowledge-based industries and export promotions, SIDBI has directly or

indirectly touched the lives of more than 360 lakh people through various credit and developmental measures. For more information, please visit: https://www.sidbi.in/

**मीडिया संपर्क :** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई-मेल: neelasrib@sidbi.in
**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in